— प्रेस नोट —

## थाना लालगंज पुलिस द्वारा क्रूरता पूर्वक वध हेतु ले जाते हुए 27 राशि गोवंश बरामद, 02 अभियुक्त गिरफ्तार —

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ व पशु तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02.11.2020 को सायं व0उ0नि0 रामेश्वरनाथ यादव मय हमराह थाना क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबीर द्वारा सूचना दी गयी कि जंगल के रास्ते कुछ व्यक्तियों द्वारा पशुओं की तस्करी की जा रही है, प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लालगंज पुलिस द्वारा कोलान बस्ती बामी के पास दबिश/घेराबन्दी कर अभियुक्तगण दूधनाथ पुत्र लल्लू राम व बउवन पुत्र पन्नालाल निवासीगण सहिरा थाना लालगंज मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा दुलारे पुत्र अज्ञात निवासी मदरा थाना अहरौरा मीरजापुर मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 27 राशि गोवंश बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर गोवध अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय/जेल भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे जंगल के रास्ते पशुओं को ग्राम सहिरा में इकट्ठा करके पण्डुआ पश्चिम बंगाल भेजने के लिए ले जा रहे थे कि पकड़े गए।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता—

1- दूधनाथ पुत्र लल्लू राम निवासी सहिरा थाना लालगंज मीरजापुर।
2- बउवन पुत्र पन्नालाल निवासी सहिरा थाना लालगंज मीरजापुर।

### वांछित अभियुक्त का नाम व पता—

1- दुलारे पुत्र अज्ञात निवासी मदरा थाना अहरौरा मीरजापुर।

### विवरण बरामदगी —

कुल 27 राशि गोवंश (18 राशि बैल, 02 राशि गाय, 03 राशि बछिया व 04 राशि बछड़ा).

### गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण —

1- व0उ0नि0 रामेश्वरनाथ यादव थाना लालगंज, मीरजापुर।
2- उ0नि0 हैदर अली थाना लालगंज, मीरजापुर।
3- हे0का0 सुरेन्द्र प्रजापति चौकी लहंगपुर थाना लालगंज मीरजापुर।
4- का0 दिनेश पासवान थाना लालगंज, मीरजापुर।
5- का0 उपेन्द्र यादव थाना लालगंज, मीरजापुर।
6- का0 अशोक कुमार यादव चौकी लहंगपुर थाना लालगंज मीरजापुर।
7- का0 रुपेश पाण्डेय चौकी लहंगपुर थाना लालगंज मीरजापुर।
8- का0 अजहर खां चौकी लहंगपुर थाना लालगंज मीरजापुर।
9- का0 मनोज कुमार गौतम चौकी लहंगपुर थाना लालगंज मीरजापुर।

